# स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण, परेड की सलामी ली










## छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर पर दी प्रस्तुति, 37 स्कूलों के 2000 बच्चे हुए शामिल

**सतना।** जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गर्व के वातावरण में मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ,जहां जिला कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

### 11 प्लाटून ने किया मार्च पास्ट

ध्वजारोहण के बाद आयोजित मार्च पास्ट में कुल 11 प्लाटून ने भाग लिया। इनमें जिला पुलिस (पुरुष एवं महिला),होमगार्ड,एसएएफ,नेशनल ग्रीन कोर,स्काउट,एनएसएस की एक-एक टुकड़ी और एन सीसी की चार टुकड़ियां शामिल रहीं। मार्च पास्ट का नेतृत्व अनुशासित और आकर्षक शैली में किया गया। परेड के बाद पहली बार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का संदेश सीधे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से समारोह स्थल पर प्रसारित किया गया। इसके लिए ग्राउंड में चार बड़ी स्क्रीन लगाई गईं। आमतौर पर मुख्यमंत्री का संदेश वाचन के माध्यम से सुनाया जाता रहा है,लेकिन इस बार लाइव प्रसारण ने समारोह को विशेष बना दिया। इसके बाद कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने बधाई संदेश पढ़ा।

### शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित-

समारोह में जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह क्षण दर्शकों के लिए भावुक और गर्व से भरा रहा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखा देशभक्ति का रंग

कार्यक्रम के दौरान डीपीएस,सेंट माइकल,एमएलबी स्कूल सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य और गीतों की प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को रंगारंग और स्मरणीय बना दिया। बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर आकर्षक प्रस्तुति दी।

### 2 हजार विद्यार्थियों ने किया पीटी का प्रदर्शन

शहर के 37 स्कूलों के लगभग दो हजार छात्र-छात्राओं ने एक साथ सामूहिक पीटी प्रदर्शन कर राष्ट्रप्रेम का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की एकजुटता और अनुशासन ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### अधिकारियों-कर्मचारियों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में बड़ी संख्या में नागरिकों,जनप्रतिनिधियों,अधिकारी-कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्वतंत्रता दिवस को गरिमा के साथ मनाया।

### जगह-जगह ध्वजारोहण

जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय कार्यालयों,स्कूलों और राजनैतिक दलों के कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में सुबह 8 बजे कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने तिरंगा फहराया। इस दौरान अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस और राजनीतिक कार्यालयों में ध्वजारोहण पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी आशुतोष गुप्ता ने ध्वजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं,भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय ने तिरंगा फहराया। सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार और पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस अवसर पर मौजूद रहे।स्कूल और महाविद्यालयों में कार्यक्रम प्रभात बिहार स्थित लिटिल फ्लॉवर पब्लिक स्कूल में बच्चों ने ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शासकीय स्वशासी महाविद्यालय गहरा नाला में प्राचार्य एस.सी. राय ने तिरंगा फहराया। इस दौरान महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने मार्चपास्ट किया। सतना जिले के सभी थानों, तहसील कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और उल्लास के साथ मनाया गया।

## खबर संक्षेप

### मैहर में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का त्योहार



**मैहर।** जिले में प्रशासनिक स्तर पर जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया,जिसमें अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह और अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।स्कूल के बच्चों ने श्रीकृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस दौरान अधिकारियों और शैक्षणिक स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह आयोजन मैहर के लोगों को एक साथ लाया और सभी ने इस सांस्कृतिक पर्व का भरपूर आनंद लिया।

### सतना जिले में प्रशासनिक स्तर पर जन्माष्टमी का उत्सव



**सतना।** जिले में जन्माष्टमी का पर्व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में धूम धाम से मनाया गया। नागौद के प्रसिद्ध गोपाल मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया,जिसमें एसडीएम जितेंद्र वर्मा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारियों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। यह आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों को जनता के साथ जुड़ने का एक मौका प्रदान करता है,जिससे समाज में एकता और सद्भाव की भावना मजबूत होती है।

### मां शारदा देवी मंदिर पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी का भव्य समारोह

**मैहर।** मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक विधि से पूजा-अर्चना के साथ हुई,जिसमें एसडीएम विकास कुमार सिंह,विद्यालय संचालक विजय गंगवानी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए,जिसमें मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी शामिल थी। मुख्य अतिथियों ने भी बच्चों के साथ नृत्य करके खुशी जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती उमा सिंह ने किया और विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से यह सफल रहा।

### केंद्रीय जेल में मनाई गई जन्माष्टमी



**सतना।** केंद्रीय जेल सतना में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी,महापौर योगेश कुमार ताम्रकार,जेल अधीक्षक लीना कोष्टा सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कैदियों के साथ मिलकर इस आध्यात्मिक उत्सव को मनाया। जेल में इस तरह के धार्मिक आयोजन कैदियों को सकारात्मकता की ओर प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।यह आयोजन उनके जीवन में कुछ पलों की खुशी और शांति लेकर आया।

### अनुपमा आयरिस इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**सतना।** अनुपमा आयरिस इंटरनेशनल स्कूल,बरांकलां कोठी रोड में,छात्रों और अभिभावकों ने स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस खास मौके पर अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी की सचिव डॉ.शैला तिवारी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एकेडमिक डायरेक्टर डॉ.अनुपमा शर्मा,प्रशासनिक अधिकारी सलोनी पाण्डेय और प्राचार्य संजय पाण्डेय भी उपस्थित थे। छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। सचिव डॉ.शैला तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शों को हमेशा अपने हृदय में रखना चाहिए।

## सतना कांग्रेस में बड़ा बदलाव: सिद्धार्थ कुशवाहा और आरिफ इकबाल सिद्दीकी बने नए जिलाध्यक्ष





**सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सतना जिले में अपने संगठनात्मक ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। शनिवार को जारी नई सूची के अनुसार,पार्टी ने शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की है। सतना विधानसभा से दो बार के विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को ग्रामीण क्षेत्र का जिलाध्यक्ष बनाया गया है,जबकि शहर की कमान कांट्रैक्टर आरिफ इकबाल सिद्दीकी को सौंपी गई है। यह बदलाव पिछले 15 वर्षों से पद संभाल रहे पदाधिकारियों की जगह हुआ है। इससे पहले,एडवोकेट मकसूद अहमद शहर के और दिलीप मिश्रा ग्रामीण क्षेत्र के अध्यक्ष थे। पार्टी के इस निर्णय में राजनीतिक समीकरणों का विशेष ध्यान रखा गया है। आरिफ सिद्दीकी की नियुक्ति से जिले में अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व बना रहेगा।वहीं,सिद्धार्थ कुशवाहा को ग्रामीण अध्यक्ष बनाकर पिछड़ा वर्ग के वोट बैंक को साधने का प्रयास किया गया है। कुशवाहा का पूरे प्रदेश में उनके समाज पर गहरा प्रभाव है और उन्होंने 2018 तथा 2023 के विधानसभा चुनावों में सतना सीट पर जीत दर्ज की थी।

**नए और पुराने पदाधिकारियों की प्रतिक्रिया-** ग्रामीण जिला अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं।उन्होंने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य पार्टी को न केवल सतना विधानसभा में,बल्कि पूरे जिले में मजबूत करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि वे नाराज कार्यकर्ताओं से बात करके उनकी समस्याओं को समझेंगे और संगठन को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। दूसरी ओर,निवर्तमान पदाधिकारियों ने इस बदलाव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। पिछले 14 वर्षों से ग्रामीण जिला अध्यक्ष रहे दिलीप मिश्रा ने कहा कि वे अवसरवादी नहीं हैं और पार्टी ने हमेशा उन्हें सम्मान दिया है। उन्होंने बताया कि वे पार्टी के प्रति अपने दायित्वों को पहले की तरह ही निभाते रहेंगे।शहर अध्यक्ष पद से हटने वाले मकसूद अहमद ने भी पार्टी के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अब तक पार्टी द्वारा दिए गए हर दायित्व को पूरी लगन से निभाया है और भविष्य में भी वे एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने अपने काम का मकसद हिंदुस्तान को बचाना बताया। यह संगठनात्मक बदलाव सतना में कांग्रेस को आने वाले समय में मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




## प्रिज्म जॉनसन एवं प्रिज्म स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया

**सतना।** भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल एवं प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस 2025 पारंपरिक जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एचआरएम एंड कारपोरेट अफेयर्स प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड एवं अध्यक्ष,विद्यालय प्रबंधन समिति,विशिष्ट अतिथि मनीष कुमार सिंह प्रेसीडेंट एण्ड हेड प्लांट व अन्य गणमान्य अतिथि एवं अभिभावक उपस्थित रहे। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम जनसंपर्क एंड सीएसआर देवेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शाला के मुख्य द्वार पर मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ.रामानंद गोस्वामी,एस.पी.तिवारी,वीरेन्द्र गुप्ता व आषीष कुमार तिवारी के साथ प्रिज्म सुरक्षा विभाग की ओर से पायलट सुरेश सिंह पटेल,नागेन्द्र सिंह बघेल,कमांडर मनोज कुमार सोनी एवं विद्यालय पायलट यश पाण्डेय और आरिफ घरामी ने किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का आरोहण कर किया गया। तदुपरान्त शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्चपास्ट किया गया। परेड कमांडर हिमांशु तिवारी के साथ अलकनंदा सदन का अंबुज पटेल,कावेरी सदन का अमित शुक्ला,नर्मदा सदन का आदित्य सिंह सेंगर,बालिका वर्ग का प्रगति तिवारी एवं विद्यालय बैंड दल का कृपा शंकर ने नेतृत्व किया। प्राची सिंह द्वारा उपस्थित जन समुदाय को प्रतिज्ञा दिलाई गई। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य अवसर पर उपस्थित फैक्ट्री के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अभिभावकगण को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ मनीष कुमार सिन्हा ने शहीदों को स्मरण करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि ने अभिभावको एवं छात्रों को बताया कि स्वतंत्रता दिवस मनाना केवल ऐतिहासिक घटनाओं का स्मरण नहीं है वरन यह राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। कक्षा 1 से कक्षा 5 वीं तक के विद्यार्थियों ने मानस मिश्रा के नेतृत्व में सामूहिक तिरंगा पी.टी. का प्रदर्शन किया। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों के मन को आनंदित कर दिया। 'वन्दे मातरम' गीत की अनूठी प्रस्तुति ने जन समूह को भाव विभोर किया। देशभक्तिपूर्ण हिन्दी कविता का ओजपूर्ण वाणी में प्रिया पॉल ने वाचन कर भारत के शहीद वीर सपूतो को याद किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती बिंदु सुनिल ने उपस्थित जन समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ऐंजल प्रीत कौर और अरिजीत तिवारी ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, चित्रकूट में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय उत्साह एवं गौरव के साथ सम्पन्न हुआ

पूरा देश स्वतंत्रता की 79वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। इसी कड़ी में श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स,चित्रकूट परिसर में भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सुबह से ही संस्थान का वातावरण देशभक्ति के रंगों से सराबोर था। मुख्य भवन एवं परिसर को



तिरंगे झंडों,रंगोली और फूलों से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 8:00 बजे हुआ,जब मुख्य अतिथि रामपाल कौरेव,निदेशक,श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान की गूंज के साथ समस्त परिसर देशभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। इसके पश्चात सभी उपस्थित जनों ने देश की अखंडता,एकता और विकास के प्रति निष्ठा का सपथ ग्रहण किया। समारोह में संस्थान के प्राचार्य,शैक्षणिक कर्मचारी,अशैक्षणिक कर्मचारीगण,सभी विभागों के छात्र-छात्राएँ एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत,कविता पाठ,भाषण और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन किया। विशेष रूप से संस्कृत विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति श्लोक वाचन और बी.एड. विभाग के छात्रों का नाट्य मंचन दर्शकों को भावविभोर कर गया।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं संस्थान परिवार के सदस्यों ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और तिरंगे की शान में मिठाई वितरण के साथ समारोह का समापन किया।

## मैहर में शान से लहराया स्वतंत्रता दिवस का तिरंगा

**मैहर।** जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य समारोह उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में हुआ,जहां कलेक्टर रानी बाटड ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के संदेश का लाइव प्रसारण भी हुआ। कलेक्टर ने अपने संदेश में जिले की आगामी विकास परियोजनाओं और उपलब्धियों का उल्लेख किया। इस अवसर पर पुलिस बल और स्कूली बच्चों ने आकर्षक परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों और अधिकारियों को सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक,जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





















सड़क और नाली की समस्या को लेकर सड़क पर उतरे लोग

# सागर-कानपुर हाईवे पर किया चक्काजाम जिम्मेदारों पर लगाए उदासीनता के आरोप



**छतरपुर।** शहर की बुद्ध विहार कॉलोनी के लोगों ने खराब रास्ते और नाली की समस्या को लेकर शनिवार की सुबह आक्रोश जताते हुए सागर-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक वे कई बार नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत महोबा रोड पर आरटीआई ऑफिस के पास बुद्ध विहार कॉलोनी के लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि केंद्रीय विद्यालय के पास से बुद्ध विहार कॉलोनी और फल मंडी की ओर जाने वाला रास्ता पूरी तरह बदहाल है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। नालियों की खराब स्थिति के कारण जलभराव और गंदगी की समस्या भी बनी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई बार नगर पालिका और स्थानीय नेताओं को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर लौटाया गया। कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे तंग आकर उन्होंने सड़क पर बैठकर हाईवे जाम किया है।

आस्था का केन्द्र बना करधईयन सरकार मंदिर

# अखंड भारत और शहीदों की आत्मा की शांति के लिए होगा महायज्ञ



**छतरपुर।** छतरपुर जनपद की ग्राम पंचायत बौंड़ा में पचेर घाट के पास स्थित करधईयन सरकार मंदिर इन दिनों लोगों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मान्यता है कि यहां हनुमान जी दर्शन मात्र से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके साथ ही मंदिर में अखंड भारत और शहीदों की आत्मा की शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां जारी हैं। छतरपुर शहर से करीब 23 किलोमीटर दूर ईशानगर के पास ग्राम पंचायत बौंड़ा के करधईयन सरकार मंदिर के सेवक सीताराम दास ने बताया कि यहां हनुमान जी के दर्शन के लिए आसपास के ग्रामीण अंचलों सहित दूर-दराज के भक्त भी आते हैं। मंदिर में मौन धारण किए महामंडलेश्वर दीनबंधुदास मौनी महाराज विगत कई महीनों से रामधुन में लीन हैं। उन्होंने स्लेट पर लिखकर बताया कि जल्द ही मंदिर में अखंड भारत और शहीदों की आत्मा की शांति के लिए भव्य महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। वहीं ग्रामीण वीरेंद्र यादव और श्रद्धालु रमेश दुबे ने बताया कि करधईयन सरकार मंदिर में दर्शन करने और अर्जी लगाने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर ताले में कैद रहा पंचायत भवन

## साफ-सफाई के बिना किया गया ध्वजारोहण, ग्रामीणों में आक्रोश



**छतरपुर।** जिले कि लवकुशनगर जनपद की ग्राम पंचायत हर्रई में इन दिनों भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का बोलबाला है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन साल से पंचायत भवन का ताला नहीं खुला है। यहां तक कि बीते रोज स्वतंत्रता दिवस पर भी ताला खोले बिना, गंदगी के बीच ध्वजारोहण कर दिया गया। ग्रामीणों ने एक वीडियो के माध्यम से इस मामले को उजागर किया है। इसके साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ देने के एवज में रिश्वत मांगने के आरोप भी सामने आए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत हर्रई के ग्रामीणों ने पंचायत एजेंसी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तीन साल से पंचायत भवन का ताला बंद है और शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर भी बिना ताला खोले, गंदगी के बीच ध्वजारोहण किया गया। जब महिलाएं, बच्चे और ग्रामीण पंचायत भवन पहुंचे, तो ताला लटका मिला और पूरे परिसर में घास तथा कचरे के ढेर लगे मिले। नाराज ग्रामीणों ने तुरंत इस आलम का मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव रामदयाल राजपूत और रोजगार सहायक बच्चू अग्निहोत्री हर काम के लिए रिश्वत मांगते हैं। ग्रामीण गौरी केवट ने बताया कि उनसे लाड़ली बहना योजना में नाम जुड़वाने के नाम पर मोटी रकम मांगी गई थी, चूंकि उन्होंने पैसे नहीं दिए इसलिए उनका नाम अब तक नहीं जुड़ा है। कुछ अन्य महिलाओं ने शौचालय निर्माण की स्वीकृत के लिए पैसे मांगे जाने और शासकीय राशि को बंदरबांट किए जाने के आरोप लगाए हैं। बीपीएल कार्ड बनवाने के लिए 5000 रुपये मांगे जाने का दावा भी किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वे पहले भी कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती।

आजादी की वर्षगांठ पर बदमाशों ने लूट ली बैंक की कैश वेन

# 61 लाख से अधिक कैश लूटकर रफूचक्कर हुए लुटेरे, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर।** शुक्रवार को जहां एक ओर पूरा जिला आजादी की वर्षगांठ मना रहा था तो वहीं दूसरी ओर पुलिस महकमे की व्यस्तता का फायदा उठाकर कुछ बदमाशों ले लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। मामला है जिले के गौरिहार क्षेत्र का जहां शुक्रवार को कुछ अज्ञात नकाबपोश बदमाश कट्टे की नोंक पर बैंक की कैश वेन को लूटकर रफूचक्कर हो गए। दावा किया गया है कि लुटेरे 61 लाख से अधिक कैश अपने साथ ले गए हैं। लूट की इस बड़ी घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित पूरा पुलिस महकमा सक्रियता से विवेचना में लगा हुआ है।

महोबा निवासी मनीष कुमार ने बताया कि वह प्राईवेट तौर पर बैंक की कैश वेन चलाता है। शुक्रवार को वह उत्तरप्रदेश की एक बैंक का कैश लेकर टीम के साथ कैश वेन क्रमांक एमपी 16 सीबी 3167 से सरबई के एटीएम में पैसे भरवाने जा रहा था। रास्ते में यूपी-एमपी की सीमा पर चितहरी तिराहे के पास बाईक से आए दो नकाबपोश बदमाशों ने कट्टा दिखाकर वाहन रोका और इसके बाद वेन में मौजूद 61 लाख 17 हजार 100 रुपए लूटकर फरार हो गए। वारदात के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर गौरिहार, लवकुशनगर और जुझारनगर थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं जब पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली तो वे भी तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। एसपी अगम जैन ने बताया कि घटना के वक्त वैन में सिर्फ दो लोग ही मौजूद थे, जो सुरक्षा इंतजाम के बिना जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में कुछ तथ्य पुलिस के हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर उत्तरप्रदेश पुलिस की मदद से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

कैश वैन लूट की घटना के बाद शनिवार को सागर आईजी हिमानी खन्ना ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 30 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। आईजी ने बताया कि पुलिस ने लूट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छतरपुर एसपी अगम जैन ने आरोपियों को पकडने के लिए 10 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया है, जो सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल की मदद से संदिग्धों की तलाश में जुटी हैं। पुलिस, यूपी-एमपी सीमा पर नाकाबंदी कर मामले की विवेचना कर रही है।

## बकस्वाहा नगर परिषद में दो बार हुआ ध्वजारोहण



### सीएमओ और जनप्रतिनिधियों के बीच दिखा टकराव

**बकस्वाहा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर परिषद कार्यालय में दो बार ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद सीएमओ और जनप्रतिनिधियों के आपसी मतभेद खुलकर सामने आ गए। बताया गया है कि एक ही कार्यालय में दो अलग-अलग स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया, जो कि पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पहले सीएमओ नेहा शर्मा ने कर्मचारियों के साथ कार्यालय की छत पर ध्वजारोहण किया, जो वर्षों से चली आ रही परंपरा के खिलाफ था। इसके कुछ समय बाद, निर्धारित स्थान पर नगर परिषद उपाध्यक्ष नीमा देवी सिंह लोधी ने परंपरागत रूप से कार्यालय में ध्वजारोहण किया। हालांकि नियम के अनुसार, कार्यालय में केवल एक बार ध्वजारोहण होना चाहिए था, लेकिन सीएमओ और जनप्रतिनिधियों के बीच टकराव के चलते यह अनोखा दृश्य देखने को मिला। बहरहाल बकस्वाहा के भाजपा मंडल अध्यक्ष ने इस घटना को अनुचित बताते हुए कड़ी निंदा की है। गौरतलब है कि सीएमओ नेहा शर्मा इससे पहले भी अपने इस तरह के रवैये के कारण चर्चा में रह चुकी हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर उप निरीक्षक ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान



**छतरपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिटी कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक श्याम बेन ने मानवता की मिसाल पेश की। दरअसल जिला अस्पताल में एक गंभीर बीमारी से जूझ रही महिला को रक्त की जरूरत थी, जिसे पूरा करने के लिए श्याम बेन ने तुरंत रक्तदान किया और उसकी जान बचाई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में एक गरीब और असहाय महिला को गंभीर बीमारी के कारण तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। जैसे ही यह जानकारी सिटी कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक श्याम बेन को मिली, उन्होंने बिना समय गंवाए और महिला का नाम-पता पूछे बिना अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। उनके इस कदम ने न केवल महिला की जान बचाई, बल्कि स्वतंत्रता दिवस के पर्व को और भी सार्थक बना दिया। श्याम बेन के इस मानवीय कार्य की क्षेत्र में सराहना हो रही है, और यह पुलिस सेवा में संवेदनशीलता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का उदाहरण बन गया है।

# हिंडालको महान में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस





**सिगरौली**

हिंडालको महान में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ ने ध्वजारोहण कर कर्मियों एवं हितग्राहियों को शुभकामनाएं दीं और परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि – "यह दिन हमें शहीदों की कुर्बानियों की याद दिलाता है और उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प दिलाता है।"उन्होंने बताया कि बीते वर्ष महान ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियाँ दर्ज कीं, जिनमें पॉटलाइन को 377 **kA** एम्परेज पर संचालित कर देश का सर्वोच्च स्तर हासिल करना, 6300 **MT P**0202 ग्रेड शुद्ध एल्युमिनियम का उत्पादन, तथा 372,274 **MT** हॉट मेटल और 57,767 **MT** प्योर मेटल का रिकॉर्ड उत्पादन शामिल है।पर्यावरण संरक्षण में भी उल्लेखनीय कदम उठाए गए— उद्योग का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित हुआ, 3,250 **MT** लो-कार्बन एल्युमिनियम का उत्पादन हुआ और प्लैटिनम जीरो वेस्ट लैंडफिल इम्पैक्ट सम्मान प्राप्त किया गया।**CSR** गतिविधियों के तहत 15 गाँवों व 16 वार्डों के 60,000 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया। मधुमक्खी पालन, स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल जैसी योजनाओं से ग्रामीणों व महिलाओं को सशक्त बनाया गया।कार्यक्रम के दौरान हिंडालको महान इकाई के वरिष्ठ प्रबंधन से डॉक्टर विवेकानंद मिश्रा, संजय चतुर्वेदी, गौरव वर्म,आदर्श,सुदीप्ता नायक ,कर्नल गौरव चतुर्वेदी ,संजय सिंह व अन्य विभाग प्रमुखों,यूनियन प्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी गण के साथ साथ उनके परिवार जन उपस्थित रहे। आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर मझिगवां के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। मोबाइल की लत पर प्रस्तुत नाटक को दर्शकों ने सराहा। उत्कृष्ट परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सेवा के लिए बच्चों एवं सुरक्षा कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अभिषेक उपाध्याय ने किया।पुनर्वास कॉलोनी मझिगवां में **CSR** प्रभारी राजीव रंजन ने ध्वजारोहण किया और विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर रॉकर्स क्लब में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही सुरक्षा जवानों के लिए गेट नम्बर -1 मे कर्नल गौरव चतुर्वेदी व उनके सुरक्षा विभाग द्वारा "बड़ा खाना" का आयोजन किया गया।

## हिंडालको महान ने मनाया कर्मनिष्ठा का जश्न

25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले अधिकारियों को रजत स्मृति चिन्ह से किया सम्मानित

79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर हिंडालको महान ने अपने कर्मनिष्ठ अधिकारियों को विशेष पहचान दी। संस्थान में निरंतर 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 13 अधिकारियों को रजत स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह में इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ और मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने संयुक्त रूप से सभी अधिकारियों को सम्मानित किया। इस दौरान इकाई प्रमुख ने कहा— "संस्थान की प्रगति और उपलब्धियों के पीछे हमारे कर्मियों का समर्पण और मेहनत ही वास्तविक शक्ति है। 25 वर्षों की यह सेवा केवल कार्यकाल नहीं, बल्कि समर्पण और ईमानदारी की मिसाल है।"उन्होंने आगे कहा कि महान की पहचान उसकी तकनीकी उपलब्धियों के साथ-साथ उन कर्मचारियों से भी है जिन्होंने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा संस्थान को समर्पित किया है।समारोह के अंत में मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा –"आज का यह समारोह केवल स्वतंत्रता दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि हमारी कार्यसंस्कृति और कर्मनिष्ठा का भी प्रतीक है। 25 वर्षों तक निरंतर समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करने वाले हमारे साथियों का सम्मान वास्तव में पूरी महान परिवार के लिए गर्व की बात है। मैं प्रत्येक कर्मचारी के योगदान को प्रणाम करता हूँ और विश्वास दिलाता हूँ कि भविष्य में भी हम सब मिलकर हिंडालको महान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे।"कार्यक्रम का सफल आयोजन विनय तिवारी, सुशान्त गुप्ता और मोहित शुक्ला द्वारा किया गया।



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुनीत साहू
पुत्री समाजसेवी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गगन यादव
जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी छतरपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ताहिर मंसूरी
पार्षद
नगरपालिका परिषद नौगांव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अभय तिवारी, युवा नेता
मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सनातन रावत
शिक्षक पर्यावरणविद समाजसेवी नौगांव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंजी महेश साहू, मंगू
समाजसेवी द पाठशाला नौगांव



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय तिवारी दौलत,
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद नौगांव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष गुप्ता
चिराग गहना छतरपुर,चिराग ज्वेलर्स नौगांव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल साहू ,समाजसेवी
व्यवसाई बुंदेलखंड दाल मिल नौगांव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विपुल सिंह ठाकुर, सरपंच
ग्राम पंचायत अलीपुरा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गोपाल शरण पटेल
एसडीएम नौगांव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गजेंद्र सोनकिया
अध्यक्ष
भाजपा मंडल नौगांव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद रावत
समाजसेवी नौगांव


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील द्विवेदी
भाजपा नेता
कामतानाथ फिलिंग स्टेशन फोर लेन नौगांव

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय जेल रीवा से 18 बंदी हुए रिहा

**रीवा ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य सरकार से सजा में माफी पाकर आजीवन कारावास के 18 बंदियों को केन्द्रीय जेल रीवा से रिहा किया गया है। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर राज्य शासन से सजा में छूट प्राप्त कर जेल में परिरूद्ध आजीवन कारावास के 17 पुरूष एवं एक महिला बंदी सहित कुल 18 बंदियों को जेल से रिहा किया गया है। बंदियों को श्रीफल, रिहाई प्रमाण पत्र तथा पारिश्रमिक राशि की बैंक पासबुक प्रदान की गई तथा उनके द्वारा जेल में प्राप्त की गई,स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की विधा का उपयोग कर जीवनयापन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बंदियों को रिहा किए जाने के पूर्व उनके परिजनों को सूचित किया गया था। बंदियों की रिहाई के समय परिजन जेल में उपस्थित रहे। बंदियों के रिहाई प्रकरण तैयार करने में सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती पूजा मिश्रा, वरिष्ठ प्रहरी श्यामसुंदर दुबे एवं प्रहरी श्रीमती आकांक्षा तिवारी की भूमिका सराहनीय रही।

### जन्माष्टमी की धूम, नृत्य राघव मंदिर में मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न



**रीवा ।** प्रशासनिक स्तर पर जिले में श्रीकृष्ण पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जिले में जन्माष्टमी की धूम रही। रीवा के नृत्य राघव मंदिर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गोविंदा ने मटकी फोड़ी। इसी क्रम में शासकीय हाईस्कूल सुमेदा में श्रीकृष्ण जन्मपर्व मनाया गया। शासकीय हाईस्कूल अमिरती में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र पर भाषण दिए। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया में नृत्य नाटिका के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र को प्रदर्शित किया गया। विद्यालय में आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में गोविंदा बनी छात्रा ने उत्साह से मटकी फोड़ी।

# स्वतंत्रता दिवसः जिले में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर ने ध्वजारोहण करके ली परेड की सलामी



**रीवा ।** देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस रीवा जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। जिले में आन-बान-शान से तिरंगा लहराया गया। मुख्य समारोह एसएएफ पुलिस परेड मैदान में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली। समारोह में मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का भोपाल से सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद कलेक्टर ने जिले की उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी देते हुए आमजनता को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। समारोह में सशस्त्र बलों ने हर्ष फायर करके राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया। समारोह में परेड कमाण्डर दिलीप तिवारी के नेतृत्व में विशेष शस्त्र बल, जिला पुलिस बल एवं सैनिक स्कूल के दल के सहित विभिन्न दलों ने बैण्ड की मधुर धुन पर आकर्षक परेड की। समारोह में इसके बाद मुख्य अतिथि ने तीन रंग के मनोहारी गुब्बारों को हर्ष स्वरूप मुक्त गगन में छोड़ा। समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर शहीदो के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का पुष्पगुच्छ, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। समारोह में तीन स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत तथा शासन की विकास योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले गीतों और नृत्यों के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैलियाँ निकाली गर्इं। देशभक्ति गीतों और नारों से गुंजायमान तिरंगा रैलियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की शोभा में वृद्धि की। समारोह में तीन स्कूलों के विद्यार्थियों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने विश्व वंदे मातरम गीत तथा बघेली लोकगीत के माध्यम से वीरों का नमन करते हुए आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। सेन्ट्रल एकेडमी स्कूल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा रीवा शहर को स्वच्छता में उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। बाल भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने मनोहारी देशभक्ति गीत के साथ आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। देश के जवान बढ़े चले हैं मंजिल की ओर गीत से सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शहीदों के बलिदान और जिले की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया। समारोह का समापन पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में आयोजित सशस्त्र परेड में जिला पुलिस बल महिला विंग को प्रथम, एसएएफ नवीं बटालियन को द्वितीय स्थान तथा जिला होमगार्ड को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। बिना शस्त्र के परेड में एनसीसी टीआरएस कालेज बल को प्रथम, एनसीसी मॉडल साइंस कालेज को दूसरा तथा एनसीसी सीनियर कन्या महाविद्यालय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सैनिक स्कूल द्वारा प्रस्तुत परेड में को कन्या दल को प्रथम, थल सेना को द्वितीय तथा जल सेना को तीसरा स्थान मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बाल भारती स्कूल को प्रथम, सेंट्रल एकेडमी को द्वितीय तथा ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, डीआईजी राजेश सिंह, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर सुश्री वैशाली जैन, जनप्रतिनिधिगण, वीर शहीदों के परिजन, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन, विद्यार्थी तथा पत्रकार उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण

**रीवा ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान का गायन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि देश की आजादी के लिये कुर्बानी देने वाले शहीदों को याद करने का आज दिन है। कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील होकर अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें तथा शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों को हर जरूरतमंद तक पहुंचायें। साथ ही स्वयं एवं अपने परिजनों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहायक कलेक्टर दृष्टि जायसवाल, एसडीएम हुजूर सुश्री वैशाली जैन तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने ध्वजारोहण के बाद जनअभियान परिषद द्वारा चलाये जा रहे मेरा तिरंगा मेरा शान अभियान में हस्ताक्षर किया।

# मऊगंज में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### प्रभारी मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया ध्वजारोहण



**मऊगंज।** जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पशुपालन एवं डेयरी विकास ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह को लेकर आमजनों में उल्लास और उत्साह का वातावरण रहा। समारोह में सुरक्षा बलों ने हर्ष फायर करके राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया। समारोह में विशेष सशस्त्र बल तथा जिला पुलिस बल ने सम्मिलित रूप से बैण्ड की मधुर धुन पर आकर्षक परेड की। भोपाल से मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता संदेश वाचन का सजीव प्रसारित किया गया। मुख्य अतिथि लखन पटेल ने अपने उद्बोधन में मऊगंज जिले की प्रगति तथा उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बधाई संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने तीन रंग के मनोहारी गुब्बारों को हर्ष स्वरूप मुक्त गगन में छोड़ा। समारोह में मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर शहीदो के परिजनों तथा लोकतंत्र के प्रहरियों का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत तथा शासन की विकास योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले गीतों और नृत्यों के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसके बाद मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य समारोह के साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह में आम्र्स परेड प्रदर्शन के लिए जिला पुलिस बल को प्रथम, एसएएफ 25वीं बाटलियन को द्वितीय तथा जिला बल महिला को तृतीय पुरस्कार मिला जबकि बिना आम्र्स परेड प्रदेर्शन में एनसीसी सीनियर प्रथम, एनसीसी जूनियर द्वितीय तथा स्काउट बालक तृतीय स्थान पर रहा। समारोह में प्रदर्शित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज प्रथम स्थान पर, एमजी पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर तथा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश और प्रदेश में विकास तथा उपलब्धियों की झलक दिखाई गई। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, समाजसेवी राजेन्द्र मिश्रा, कलेक्टर संजय कुमार जैन, प्रभारी पुलिस अधीक्षक आर.एस. प्रजापति, एसडीएम बीके पाण्डेय, जनप्रतिनिधिगण, वीर शहीदों के परिजन, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन, विद्यार्थी तथा पत्रकार उपस्थित रहे।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कॉर्डियालॉजी विभाग में अत्याधुनिक कैथलैब मशीन का हुआ लोकार्पण




**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 8 करोड़ रुपए की लागत की अत्याधुनिक कैथलैब मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल विन्ध्य क्षेत्र के मरीजों के इलाज के लिए वरदान साबित हुआ है। इस अस्पताल में विन्ध्य के साथ-साथ सीमावर्ती राज्य के मरीजों के हृदयरोग का इलाज किया जा रहा है। अत्याधुनिक कैथलैब मशीन हृदयरोग के इलाज में मददगार साबित होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल चिकित्सा सेवा के मामले में देश में दूसरे और प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। यहाँ के चिकित्सकीय स्टाफ के मनोयोग और समर्पण भाव से मरीजों की सेवा करने से अस्पताल ने विशिष्ट स्थान बनाया है। इसी का परिणाम है कि विन्ध्य क्षेत्र के 80 प्रतिशत हृदय रोग के मरीजों का इलाज यहाँ हो रहा है। उन्होंने कहा कि कॉर्डियालॉजी विभाग को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाकर और सुविधा संपन्न बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इलाज के लिए हर प्रकार के चिकित्सकीय उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की भी भर्ती प्राथमिकता से की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में संचालित यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी तथा नेफ्रालॉजी विभागों के चिकित्सकों द्वारा मरीजों को प्रदाय की जा रही चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि परिजनों की काउंसलिंग कर ब्रेन डेड मरीज के अंगदान के लिए परिजनों को जागरूक करें ताकि दूसरे मरीज की जान बचाई जा सके। यह पुण्य का कार्य है। शासन द्वारा अंगदान करने पर गार्ड ऑफ आनर तथा सम्मान पत्र दिया जाता है।

इस अवसर पर कॉर्डियालॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ व्हीडी त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल में पूर्व से एक कैथलैब स्थापित है। दूसरी कैथलैब के बन जाने से हृदयरोगियों के इलाज के लिए सुगमता हो जाएगी। इस दौरान सांसद जनार्दन मिश्र, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल डॉ अक्षय श्रीवास्तव, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ राहुल मिश्रा, डॉ एसके त्रिपाठी, डॉ इमरान, डॉ अवनीश शुक्ला सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

**ठीक 12 बजे रात्रि को भगवान जुगल किषोर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी**

# पन्ना के जन जीवन के प्राण भगवान जुगल किशोर के जन्मोत्सव की धूम





**पन्ना।** पन्ना के भगवान श्री जुगल किशोर जो यहां के जनजीवन जीवन के प्राण है जिनके जन्मोत्सव की धूम श्री कृष्ण जन्मोत्सव के रूप में अवतरित होगी, बृज की झांकी चारो ओर नंद की दुहाई फिर जाती है घर-घर में माखन मिश्री दधि मिष्ठान की धूम मच जाती है बालक बृद्ध नर-नारी सब अपने नित्य के काम छोड़कर उनकी ही साक्षी करते है भक्तों के हृदय सम्राट नगर के राजा माने जाते है। भगवान जुगल किशोर जिनके जन्मोत्सव को लेकर समूचे नगर में उत्साह ठीक 12 बजे रात को जय कन्हैया लाल की लगेंगे नारे झूमेंगे लोग जन्मोत्सव में श्री कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर समूचे नगर के साथ-साथ भगवान जुगल किषोर मंदिर में आज जहां आकर्षक बृज की झांकी के रूप में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाता है। प्रतिवर्ष की तरह ठीक 12 बजे रात्रि को जन्म होगा श्री जुगल किषोर जो पन्ना के जन जीवन के प्राण है जन्माष्टमी का पर्व पन्ना नगर के लिये अलग ही उत्साह लेकर जाना जाता है यहां बालक वृद्ध नर-नारी सब अपने नित्य के काम छोड़कर उनके ही साक्षी करते है भक्तों के हृदय सम्राट नगर के राजा माने जातें है भगवान श्री जुगल किषोर यहां के राजकाल में महाराज हिन्दुपत ने सम्मत 1813 में वर्तमान मंदिर में प्रतिष्ठित किया था श्री जुगल किषोर महाराज को और मंदिर को एक जागीर भेंट की पन्ना में भगवान श्री जुगल किषोर की श्री युगुल छवि की विषिष्टता जिन बातों पर आधारित है उनमें मुख्यतः इन नटवर लाल के दर्षन उल्लेखनीय बात यह है कि उनकी झांकी बृज भूषा में न होकर बुन्देलखंडी के रूप में हुई है। भगवान की प्रतिष्ठता होने के बाद पन्ना बृजधाम भी कहा जाता है। कैसे आये यहां भगवान स्वामी हरीराम ब्यास ओरछा नरेष महाराज मधुकर शाह के गुरू थे इन भक्त राज को दर्षन देकर श्री जुगल किषोर भगवान ने बृन्दावन धाम से ओरछा आना स्वीकार किया था। तदानुसार ओरछा में प्रतिष्ठित हुये परन्तु महाराज की धर्मपत्नी महारानी गणेष कुवारी इनके पूर्व अवधि से नरेष रामराजा की झांकी ले आई थी अतः लगभग 100 वर्ष ओरछा में निवास करने के पश्चात इन पीताम्बरधारी श्री वत्सभूषित श्री हरि ने ओरछा से पन्ना पावन क्षेत्र में प्रतिष्ठित होने की कामना की थी ओर उनकी आज्ञा से महन्त गोविन्द दीक्षित सागर विजावर, हटा, रैपुरा, ककरहटी के मार्ग से पन्ना लाये तत्कालीन पन्ना नरेष महाराज सभा सिंह के राजकाल में आये थे जिन्हें उनके पुत्र धर्म प्राण महाराज हिन्दुपत ने 1813 में भगवान जुगल किषोर महाराज का यह भव्य मंदिर निर्माण कराकर प्रतिष्ठित किया था जब से पन्ना में श्री जुगल छवि की विषिष्ठता पर आधारित इन नटवर लाल के दर्षन होते है। आज पन्ना में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम मची है बृज की झांकी अवतरित हो जाती है चारो ओर नन्द की दुहाई फिर जाती है। इस तरह से यहां भगवान जुगल किषोर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव ठीक 12 बजे रात्रि को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जायेगा।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरस्वती ज्ञान मंदिर में दिखाई दी आजादी की झांकी



**पन्ना।** गुनौर की सांस्कृतिक शैक्षणिक सहित अन्य गतिविधियों में पारंगित सरस्वती ज्ञान हाई स्कूल मैं नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा दी गई स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति की एक झलक देखने को मिली । जहां पर देखने वाले दशकों में देश के अलग-अलग हिस्सों की सांस्कृतिक कला कौशल को देखने का अवसर मिला। जिसमें राष्ट्र प्रेम से अभि भूत नृत्य कला को देखकर दर्शन मंत्र मुग्ध हो गए। विद्यालयों के नाम पर सरस्वती ज्ञान मंदिर गुनौर में शैक्षणिक गतिविधियों को प्रदेश सूची में अपना स्थान हासिल करने का नाम है तो वही सांस्कृतिक गतिविधियों में सबसे अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने में भी इस विधालय का कोई सानी नहीं है। सरस्वती ज्ञान मंदिर के द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में एक बच्ची का नृत्य लोगों को भाव विभोर कर गया , तो वही मध्य प्रदेश की प्रथम सूची में कक्षा दसवीं के छात्र को अपना नाम प्रवीण सूची में दर्ज कराने का नाम लेते ही तालिया की गड़बड़ाहट से सारा सदन गूंज उठा । और लोगों ने इस विद्यालय की शैक्षणिक सांस्कृतिक गतिविधियों की खूब सराहना की।

### कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में किया ध्वजारोहण




**पन्ना ।** स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। जिला कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को आजादी के पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया एवं तहसीलदार मेघेन्द्र बंदोपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शासकीय कार्यालयों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा सुबह 7.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।



### बालक छात्रावास में बच्चों के साथ किया विशेष भोज

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार पुलिस परेड ग्राउण्ड पन्ना से स्वतंत्रता दिवस समारोह के पश्चात बायपास रोड पन्ना स्थित सीडब्ल्यूएसएन बालक छात्रावास पहुंचे और बच्चों के साथ विशेष भोज किया। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विद्यार्थियों से भेंट कर संवाद किया और सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। विशेष भोज में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी भी उपस्थित रहे।

# 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**पन्ना।** देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को जिले में भी हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर सुरेश कुमार ने सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। ध्वजारोहण के पश्चात कलेक्टर श्री कुमार ने खुली जिप्सी में पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा के साथ परेड का निरीक्षण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उन्मुक्त गगन में गुब्बारे छोड़े गए। समारोह में परेड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा पुलिस बैण्ड की सुमधुर ध्वनि के बीच आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रजातंत्र रक्षकों का सम्मान भी हुआ। मुख्य अतिथि ने परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में परेड के साथ कई स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से पीटी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। सशस्त्र और गैर शस्त्र परेड का प्रदर्शन भी हुआ। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कारों का वितरण किया गया। शासकीय दायित्वों के उत्कृष्ट निर्वहन पर विभिन्न शासकीय विभागों के लोकसेवक भी सम्मानित किए गए।

**उत्कृष्ट विद्यालय एवं सरस्वती स्कूल को मिला प्रथम स्थान**

सांस्कृतिक कार्यक्रम के सीनियर वर्ग में शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 1 पन्ना को प्रथम, सांदीपनि विद्यालय पन्ना को द्वितीय और महर्षि विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय पन्ना को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह जूनियर वर्ग में सरस्वती उ.मा. विद्यालय पन्ना को प्रथम, ब्लू स्काई स्कूल पन्ना को द्वितीय और लिस्यू आनंद विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सशस्त्र बल परेड वर्ग में जिला पुलिस बल पुरूष की टुकड़ी को प्रथम, विशेष सशस्त्र बल की 10वीं वाहिनी को द्वितीय और होमगार्ड की टुकड़ी को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह गैर शस्त्र परेड के सीनियर वर्ग में वन विभाग उत्तर वन मंडल की टुकड़ी को प्रथम, शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना की एनसीसी टुकड़ी को द्वितीय एवं एनसीसी सीनियर महिला टुकड़ी को तृतीय स्थान मिला, जबकि जूनियर परेड वर्ग में एनसीसी जूनियर विंग को प्रथम, शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना के गाइड दल को द्वितीय एवं स्काउट दल को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने मानव श्रृंखला बनाकर देशप्रेम की भावना विकसित करने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का संदेश दिया। इसमें उपस्थित अतिथियों ने भी सहभागिता कर तिरंगा लहराया। कार्यक्रम में विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शासकीय सेवक, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रमोद अवस्थी एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ. कल्पना वर्मा द्वारा किया गया।

**लाइव टेलीकास्ट के जरिए सुना मुख्यमंत्री जी का संदेश**

शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में पहली बार एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के संदेश के लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान सुबह 9.25 बजे से 9.55 बजे तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन को उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर देखा एवं सुना गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं जिला कलेक्टर द्वारा अपने संक्षिप्त उद्बोधन में जिलेवासियों को आजादी के पर्व की बधाई दी गई। कलेक्टर ने कहा कि हम विकसित जिले की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहे हैं और निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हैं।

# जेके सीमेंट पन्ना द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2025 का भव्य आयोजन



15 अगस्त 2025 को जेके सीमेंट पन्ना इकाई द्वारा स्वतंत्रता दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय ढंग से किया गया। इस अवसर पर इकाई प्रमुख श्री कपिल अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने जेके सीमेंट के संस्थापकों की सोच को साझा करते हुए कहा —

कोई भी उद्योग तब तक सच्ची प्रगति नहीं कर सकता जब तक उसके आसपास के लोगों का समग्र विकास न हो। जेके सीमेंट पन्ना अपने संयंत्र क्षेत्र के आसपास के लोगों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान हेतु पूरी तरह समर्पित है।

**उत्पादन क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि**

वर्तमान में जेके सीमेंट पन्ना संयंत्र की उत्पादन क्षमता 3.3 मिलियन टन प्रतिवर्ष है। आगामी महीनों में द्वितीय निर्माण पंक्ति के पूर्ण होते ही, यह संयंत्र 7 मिलियन टन से अधिक उत्पादन क्षमता प्राप्त कर लेगा। यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा एकल परिसर में स्थित क्लिंकर निर्माण संयंत्र बन जाएगा।

**तकनीकी शिक्षा की दिशा में सशक्त पहल – नवीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान**

जेके सीमेंट द्वारा पन्ना जिले में एक नवीन एवं अत्याधुनिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया गया है। यह संस्थान आधुनिक प्रयोगशालाओं से युक्त है, तथा इसमें 140 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न आधुनिक व्यवसायों में प्रवेश लिया है। यह क्षेत्र का सबसे उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान बनकर उभर रहा है।

**बाल शिक्षा और नवाचार – लाला कमलापत सिंघानिया शिक्षा केंद्र**

इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक गीत, मार्शल आर्ट, व्यायामकला व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इकाई प्रमुख श्री कपिल अग्रवाल ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए बताया कि यहां विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अध्ययन की सुविधा प्राप्त है। वर्तमान में विद्यालय में 244 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विद्यालय की नवीन भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होगा, जिसमें 1000 से अधिक विद्यार्थियों के अध्ययन की सुविधा होगी।

**कर्मचारियों को सम्मानित कर बढ़ाया उत्साह**

इकाई प्रमुख श्री कपिल अग्रवाल ने समारोह के अवसर पर उन सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य कर्मचारियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया, जिन्होंने असाधारण कार्य निष्पादन किया अथवा नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। यह सम्मान कर्मचारियों के मनोबल को और अधिक सशक्त करेगा।

**सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं**

1. सड़क सुरक्षा अभियानः
जेके सीमेंट ने पुलिस विभाग के सहयोग से 800 युवाओं को सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें प्रमाण-पत्र एवं सुरक्षात्मक हेलमेट भेंट किए।
2. महिला कौशल विकास प्रशिक्षणः
100 महिलाओं को सौंदर्य सेवाएं तथा सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।
3. पशुधन विकास परियोजनाः
संयंत्र के सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 300 ग्रामों में पशु नस्ल सुधार एवं पशुचिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।
4. युवा उद्यमिता कार्यक्रमः
40 से अधिक युवाओं को स्व-रोजगार हेतु प्रशिक्षण, व्यवसाय आरंभ करने अथवा पूर्व व्यवसाय को उन्नत करने में सहायता दी गई तथा बैंकों से ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।
5. अन्य पहलेंः
शिक्षा के क्षेत्र में विकास
ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद गतिविधियों का प्रोत्साहन
स्वास्थ्य सेवाओं हेतु मोबाइल चिकित्सा इकाई द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है।

जेके सीमेंट पन्ना का यह आयोजन न केवल देशभक्ति का प्रतीक बना, बल्कि यह भी दर्शाता है कि उद्योग यदि समाज के साथ मिलकर कार्य करे, तो समग्र विकास संभव है।